भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2299
सोमवार, 05 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)

रोजगार की स्थिति

2299. श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान देश में बेरोजगारी दर न्यूनतम रही है;

(ख) देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की स्थिति क्या है; और

(ग) देश के शहरी क्षेत्रों में रोजगार की स्थिति क्या है ?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करंदलाजे)

(क) से (ग): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इस सर्वेक्षण की अवधि, प्रति वर्ष जुलाई से जून तक होती है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) क्रमशः 5.8%, 4.8%, 4.2%, 4.1% और 3.2% थी। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि देश में बेरोजगारी दर में पिछले कुछ वर्षों से गिरावट की प्रवृत्ति है।

इसके अतिरिक्त, वर्ष 2018-19 से 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए रोजगार को दर्शाने वाले अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) निम्नानुसार है:

(%)

वर्ष	ग्रामीण	शहरी
2018-19	48.9	43.9
2019-20	53.3	45.8
2020-21	55.5	45.8
2021-22	55.6	46.6
2022-23	59.4	47.7

स्रोत: पीएलएफएस

यह आंकड़े दर्शाते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में देश में रोजगार में बढ़ोतरी की प्रवृत्ति है।

*****